# DAV NUPPL Public School
## NUPPL Township, Ghatampur, Kanpur Nagar, UP-209206

**Assignment: Half yearly** **Class : X**

**Subject: Hindi** **Session: 2024-25**

**खंड –क (बहुविकल्पीय प्रश्न )**

**1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

भारत एक विशाल देश है। यहाँ के विभिन्न राज्यों की अपनी क्षेत्रीय भाषाएँ हैं स्वतंत्रता के पश्चात् से मातृभाषा को प्रोत्साहित करने की बातें चर्चा में रही है परंतु इसके विकास के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए गए इसके कारण प्रत्येक क्षेत्र में विदेशी भाषा अंग्रेजी का वर्चस्व स्थापित हो गया नेल्सन मंडेला ने कहा था कि किसी भी व्यक्ति के सोचने की प्रक्रिया अपने मातृभाषा में होती है अगर किसी व्यक्ति से उसकी मातृभाषा में बात करें तो वह बात दिल तक पहुँचती है

यह सर्वविदित है कि मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करना अत्यंत सहज एवं सुगम होता है अपनी मातृभाषा में विद्यार्थी किसी भी विषय को सरलता से समझ लेता है जबकि अन्य भाषाओं में उसे कठिनाई का सामना करना पड़ता है विश्व भर के शिक्षाविदों ने मातृभाषा में शिक्षा प्रदान किए जाने को महत्व दिया है विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार अपनी मातृभाषा में चिकित्सा की पढ़ाई करवाने वाले देशों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की व्यवस्था की स्थिति अन्य देशों की तुलना में अच्छी है चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस और जापान सहित अनेक देश अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं सर्वविदित है कि ये देश लगभग प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी है इन देशों ने अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करके ही उन्नति प्राप्त की है यदि स्वतंत्रता के पश्चात भारत में भी मातृभाषा में चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती तो हम आज विश्व में और अधिक बेहतर स्थिति में होते वर्तमान में इस दिशा में ठोस और क्रांतिकारी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है

(一) किसी भी देश में आधारभूत विकास के लिए आवश्यक है:

(अ) तकनीकी शिक्षा का विस्तार होना

(ब) चिकित्सीय शिक्षा का विस्तार होना

(स) किसी भी भाषा में शिक्षा देना

(द) मातृभाषा में शिक्षा का विस्तार होना

(二) स्वास्थ्य और चिकित्सा की दृष्टि से कौन से देश अच्छी स्थिति में है?

(अ) मातृभाषा में चिकित्सीय शिक्षा देने वाले देश

(ब) अपनी राष्ट्रभाषा को मातृभाषा बनाने वाले देश

(स) राष्ट्रभाषा और मातृभाषा को समान मानने वाले देश

(द) अंग्रेजी भाषा से दूरी बनाने वाले देश

(三) भारत में क्षेत्रीय भाषाओं के की अपेक्षाकृत कम विकसित होने के क्या कारण है?

(अ) हिंदी भाषा का वर्चस्व

(ब) अंग्रेजी भाषा का वर्चस्व

(स)उपयुक्त प्रयासों का अभाव

(द)स्थानीय इच्छा शक्ति का अभाव

(四) **'मातृभाषा में शिक्षक प्राप्त करने का आसान होता है'** इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित में से कौन सा/कौन से तर्क सही है/ हैं?

(अ) मातृभाषा में प्राप्त ज्ञान को समझना सरल है

(ब) मातृभाषा में प्राप्त ज्ञान को समझना जटिल है

(स) मातृभाषा अन्य भाषाओं से सरल स्वरूप होती है

(द) मातृभाषा और दूसरी भाषाओं में कोई अंतर नहीं है

**विकल्प**:

(अ) 1 सही है

(ब) 3 सही है

(स) 1 और 2 सही है

(द) एक और चार सही है

(五) **कथन** और **कारण** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए:

**कथन** - भारत में शिक्षा के माध्यम में बदलाव वर्तमान की आवश्यकता है

**कारण** - शिक्षा के माध्यम के प्रति दृष्टिकोण समाज में क्रांतिकारी प्राप्त परिवर्तन ला सकता है

(अ) कथन गलत है किंतु कारण सही है

(ब) कथन और कारण दोनों गलत है

(स) कथन सही है और कारण , कथन की सही व्याख्या है

(द) कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है

**अति लघु प्रश्न: ऊपर दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए|**

**(च) भारत में स्वतंत्रता के बाद किस भाषा के प्रसार पर चर्चा हुई है?**

**(छ) स्वतंत्रता के बाद भी किस क्षेत्र में भारत को सुधार की आवश्यकता है?**

**2. निम्नलिखित अपठित काव्याँश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए?**

सच से हटकर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम
जो नत हुआ वह मृत्यु हुआ ज्यों वृंत से झर कर कुसुम
जो लक्ष्य भूल रुका नहीं, जो हार देखकर झुका नहीं
जिसने प्रणय पाथेय माना, जीत उसकी ही रही
सच हम नहीं सच तुम नहीं, सच है महज संघर्ष ही
ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे
जो है जहाँ चुपचाप अपने-आप से लड़ता रहे
जो भी परिस्थितियाँ मिले, काँटे चुभें है कलियाँ खिलें
हारे नहीं इंसान, है संदेश जीवन का यही
सच हम नहीं सच तुम नहीं, सच है महज संघर्ष ही
हमने रचा आओ हमीं अब तोड़ दें इस प्यार को
वह क्या मिलन, मिलना वही जो मोड़ दे  मँझधार को|

(一) अपने आप से लड़ने का क्या अभिप्राय है?

(अ) अपने भीतर उठे अंतर्द्वंद से लड़ना
(ब) अपने भीतर की कमजोरी से लड़ना
(स) अपने शारीरिक कमजोरी से लड़ना
(द)अपनी मानसिक  व्याधियों से लड़ना

(二) जो नाथ हुआ वह मृत्यु हुआ क्यों कहा गया है?

(अ) झुकना घमंड का परिचायक है
(ब) झुकना विनम्रता का परिचायक है
(स) झुकने वाला मृतक के समान है
(द) स्वाभिमान रहित जीवन मृतक के समान है

(三) काव्यांश का संदेश है

(अ) हर प्रकार की परिस्थितियों से समझौता कर स्वयं को डालने का
(ब) जीत की संभावना वाली मार्ग पर ही आगे बढ़ने का
(स) कैसी भी कठिन परिस्थिति हो उसे हार ना मानना
(द) हर की संभावना होने पर नवीन लक्ष्य के निर्माण का

(四) काँटे और कलियाँ किसके प्रतीक है?

(क) सुख और दुख के

(ख) दुख और सुख के

(ग) समृद्धि और उत्कर्ष के

(घ) निर्माण और पतन के

(五) **कथन** और **कारण** पर विचार करते हुए सही विकल्प छनकर लिखिए:

**कथन** - मानव मात्र का जीवन संघर्षपूर्ण है

**कारण** - मानव मात्र को अपने जीवन की सम-विषम हर तरह की परिस्थितियों को डटकर सामना

करना चाहिए

(अ) कथन गलत है और कारण सही है

(ब) कथन और कारण दोनों ही गलत है

(स) कथन सही है और कारण , कथन की सही व्याख्या है

(द) कथन और कारण दोनों सही है लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है

**अति लघु प्रश्न: ऊपर दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए|**

**(च) मनुष्य के लिए जीवन का संदेश क्या है?**

**(छ) लक्ष्य को भूलने का परिणाम क्या होता है?**

## व्याकरण

**3. रचना के आधार पर वाक्य भेद**

**क. स्तंभ-1 और स्तंभ-2 को सुलेमित करके उचित विकल्प चुनकर लिखिए :**

| | **स्तंभ-1** | **स्तंभ-2** |
|---|---|---|
| () | सरल वाक्य | (अ) या तो पढ़ाई कर लो या टीवी ही देख लो |
| () | मिश्र वाक्य | (ब) नौकरी करने पर तनख्वा तो लगी ही |
| () | संयुक्त वाक्य | (स) वह किताब को गई जो आपने दी थी |

| | **()** | **()** | **()** |
|---|---|---|---|
| () | (अ) | (ब) | (स) |
| () | (ब) | (स) | (अ) |

() (स) (ब) (अ)

() (ब) (अ) (स)

ख- '**जब शाम हो, तब लौट आना** ' सरल वाक्य में बदलिए।

(अ) शाम होते ही घर आ जाना । (ब) शाम में लौट आना ।

(स) जैसे ही शाम हो वैसे ही लौट आना । (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

ग- निम्नलिखित किस वाक्य में सरल वाक्य नहीं है ?

(अ) वह लम्बा लड़का है।

(ब) इसी बच्चे को शिक्षक ने डांटा था।

(स) वह जो लाल कपडे वाला आदमी है, कहीं जा रहा है।

(द) लाल कपडे वाला आदमी कहीं जा रहा है।

घ- निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य पहचान कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिएं|

(अ) जब दुलारी ने केश बाँध लिए तब उसने खिड़की खोली दी

(ब) उसने सिर का पसीना सुखाया और वहीँ खड़ी हो गई

(स) राजू जब दरबाजे पर खड़ा था तब उसके पास एक पोटली थी

(द) उसकी गृहस्थी बड़ी कठिनाई से चल रही थी फिर भी उसे चिंता नहीं थी

**विकल्प** :

(1) अ, ब और स

(2) ब, स और द

(3) ब और द

(4) अ और स

ङ- कक्षा ऐसी जगह नहीं है, जहाँ छात्र खेलें । (**वाक्य भेद बताइए**)

(अ) सरल वाक्य (ब) समूह वाक्य

(स) संयुक्त वाक्य (द) मिश्र वाक्य

च- बादल बिना बरसे ही चले गये। वाक्य का संयुक्त वाक्य में रुप होगा -

(अ) बादल आये और बिना बरसे ही चले गये।

(ब) बादल बरसे भी नहीं और चले भी गये।

(स) बिना बरसे ही बादल चले गये।

(द) बादल चले भी गये और बरसे भी नहीं।

**4. किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये –(वाच्य के प्रकार)**

(क) 'अब चलते हैं - वाक्य का भाववाच्य होगा-

(अ) अब चलो। (ब) अब चला जाये।

(स) चलते हैं अब। (द) चलो, चलें।

(ख) भारत ने आज उपग्रह छोड़ा । वाक्य का कर्मवाच्य होगा -

(अ) उपग्रह छोड़ा भारत ने आज । (ब) भारत आज उपग्रह छोड़ता है ।

(स) भारत के द्वारा आज उपग्रह छोड़ा गया। (द) उपग्रह छोड़ा गया भारत से आज ।

(ग) इनमें से कर्तृवाच्य का उदाहरण होगा –

(अ) चलो, अब घर चलें।

(ब) चलो, अब घर चला जाए।

(स) कैरम के बाद अब शतरंज खेली जाये|

(द) हमारे द्वारा सतरंज खेली जा सकती है|

(घ) **'दादाजी पढ़ नहीं सकते '** इसका भाववाच्य होगा

(अ) दादाजी कुछ भी नहीं पढ़ पाएँगे।

(ब) दादाजी से पढ़ा नहीं जा सकेगा ।

(स) दादाजी से पढ़ा नहीं जा सकता |

(द) दादाजी कुछ भी नहीं पढ़ पाते है |

(ड) जाड़ों में गर्म पानी से नहाते हैं । (भाव-वाच्य में बदलिए )

(अ) जाड़ो में गर्म पानी से नहाया जायेगा |

(ब) जाड़ो में गर्म पानी से नहाया जाता है |

(स) जाड़ो में गर्म पानी से नहाया जा रहा है |

(द) जाड़ो में गर्म पानी से नहाया जाए |

**(च) '**बिना सहारे के बूढ़ी माँ से अब चला नहीं जाता है ' इसका कर्तवाच्य होगा-

(क) बिना सहारे अब बूढ़ी माँ अब चल नहीं सकेंगी

(ख) बिना सहारे अब बूढ़ी माँ चल नहीं पाती हैं

(ग) बिना सहारे अब बूढ़ी माँ चल नहीं पाएँगी

**(घ)** बिना सहारे अब बूढ़ी माँ चल नहीं सकती हैं

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (अलंकार- निर्धारण कीजिए)**

**(क)** धाए-धाम काम सब त्यागी । मनहुँ रंक निधि लूटन लागी ।

**उपर्युक्त काव्य पंक्तियों में  अलंकार निर्धारित कीजिए -**

(क) उपमा अलंकार (ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ग) अतिशयोक्ति अलंकार (घ) मानवीकरण अलंकार

**(ख)** निम्न काव्य-पंक्तियों में अलंकार निर्धारित  कीजिए –

सोहत ओढ़े पीत पट , श्याम सलोने गात ।

मनो नीलमणि सैल पर , आतप परयो प्रभात ॥

(क) अतिशयोक्ति अलंकार (ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ग) मानवीकरण अलंकार (घ) रूपक अलंकार

**(ग)** ऋतुओं की रानी कहलाती ।

पहन बसंती ताज है आती ॥

उपरोक्त काव्य-पंक्तियों  में कौन सा अलंकार है-

(क) मानवीकरण अलंकार (ख)उत्प्रेक्षा अलंकर

(ग) श्लेष अलंकर (घ)अतिशयोक्ति अलंकार

**(घ)** हैं किनारे कई पत्थर पी रहे चुपचाप पानी।

उपर्युक्त काव्य – पंक्तियों में कौन सा अलंकार है –

(क) रूपक अलंकार (ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ग) मानवीकरण अलंकार (घ) श्लेष अलंकार

**(ङ)**“ - - ।”

दी गई पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(क) उपमा अलंकार

(ख) मानवीकरण अलंकार

(ग) विभावना अलंकार

(घ) उत्प्रेक्षा अलंकार

**(च) देख लो साकेत नगरी यही  स्वर्ग से मिलने गगन में जा रही**

(क) अतिशयोक्ति अलंकार

(ख) मानवीकरण अलंकार

(ग) विभावना अलंकार

(घ) उत्प्रेक्षा अलंकार

**(ज) '**चरण कमल बंदौ हरि राई**'** , इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(क) उपमा अलंकार

(ख) रूपक अलंकार

(ग) श्लेष अलंकार

(घ) अतिश्योक्ति अलंकार

## क्षितिज

**6.** क्षितिज पाठ्य पुस्तक के पठित गद्यांश आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए

बालगोबिन भगत की संगीत-साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया, जिस दिन उनका बेटा मरा। इकलौता बेटा था वह ! कुछ सुस्त और बोदा-सा था । इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी ज्यादा मानते थे ।उनकी समझ में ऐसे आदमियों पर ही ज्यादा नजर रखनी चाहिए या प्यार करना चाहिए, क्योंकि ये निगरानी और मुहब्बत के ज्यादा हकदार होते हैं। बड़ी साध से उसकी शादी कराई थी, पतोहू बड़ी ही सुभग और सुशील मिली थी। घर की पूरी प्रबंधिका बनकर भगत को बहुत कुछ दुनियादारी से निवृत्त कर दिया था उसने। उनका बेटा बीमार है, इसकी खबर रखने की लोगों को कहाँ फुरसत? किन्तु मौत तो अपनी ओर सबका ध्यान खींचकर ही रहती है।

**(क)** बालगोबिन भगत के अनुसार कैसे लोग निगरानी और मुहब्बत के ज़्यादा हकदार होते हैं?

(अ) बालगोविन्द भगत का पुत्र (ब) गरीब आदमी

(स) बालगोविन्द भगत की पतोहू (द) सुस्त और बोदा

**(ख)** प्रबंधक में उपसर्ग–पर्यायवाची शब्द युग्म क्या होगा ?

(अ) प्र उपसर्ग- व्यवस्थापक (ब) क उपसर्ग-बाँधने वाला

(स) अक उपसर्ग- मेहनती व्यक्ति (द) धक् उपसर्ग – मेहनती व्यक्ति

**(ग)** बालगोबिन भगत की संगीत साधना का उत्कर्ष किस दिन देखा गया?

(अ) पुत्र की बीमारी पर (ब) बहु आगमन पर

(स) पुत्र की मृत्यु पर (द) भगत के दुनियादारी से निवृत होने पर

**(घ)** घर की प्रबंधिका कौन था ?

(अ) भगत स्वयं (ब) उनका पुत्र (स) बहू (द)पत्नी

**(ड)** उत्कर्ष का विलोम शब्द क्या होगा ?

(अ) बढ़ोत्तरी (ब)अपकर्ष (स) आकर्षण (द) विकर्ष

**7.** गद्य पाठों के आधार पर बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए –

**(क)** भगत जी की बहू उन्हें छोड़कर क्यों नहीं जाना चाहती थी ?

(अ) सामाजिक मर्यादा के कारण (ब) संपत्ति के लोभ में

(स) पति से प्यार होने के कारण (द) ससुर की चिंता के कारण

**(ख)** नेताजी की मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा किसने लगाया होगा ?

(अ) पानवाले ने (ब) लेखक ने (स) हवलदार ने (द) किसी बच्चे ने

**8.** निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए –

बिहँसि लखनु बोले मृदु बानी । अहो मुनीसु महाभट मानी ।।
पुनि-पुनि मोहि देखाव कुठारु। चहत उड़ावन फैंक पहारू॥
इहाँ कुम्हड़ बतिया कोउ नाहीं ।जे तरजनी देखि मरि जाहीं ॥
देखि कुठारु सरासन बाना। मैं कछ्रु कहा सहित अभिमाना॥
भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी। जो कुछ कहहु सह रिस रोकी ।।
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इन्ह पर न सुराई ।।
बधे पापु अपकीरति हारे । मारतहू पा परिअ तुम्हारे ।।
कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा। व्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा ।।

**(क)** 'कुम्हड़ बतिया' का उदाहरण क्यों दिया गया है ?

(अ) हरा- भरा होने के कारण (ब) सब्जी अच्छी होने के कारण

(स) कद्दू के शीघ्रता से नजर लगने के कारण (द) ब्राह्मण प्रिय भोजन होने के कारण

**(ख)** लक्ष्मण के हँसने का क्या कारण है?

(अ) घमंड के करण (ब) बड़बोलेपन के कारण

(स) परशुराम के डींगे मारने के कारण (द) इनमे से कोई नहीं

**(ग)** उपर्युक्त काव्य-पंक्ति की भाषा क्या है?

(अ) अवधी (ब)ब्रज (स) छत्तीसगढ़ी (द)खड़ी बोली

**(घ) 'महाभट'** किसे कहा गया और किसने कहा ?

(अ) राम को, विश्वामित्र ने (ब) लक्ष्मण को, वशिष्ट मुनि ने

(स) परशुराम को लक्ष्मण ने (द) लक्ष्मण को, परशुराम ने

**(ड)** किसके वध करने मात्र से लक्ष्मण अपने वंश को अपकीर्ति का भागी मानने लगेंगे ?

(अ) गाय को (ब) ब्राह्मण को (स) हरिजन को (द) सभी को

**9.** पद्य पाठों के आधार पर बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए -

(क) लक्ष्मण ने परशुराम के किस स्वभाव पर व्यंग्य किया है?

(अ)चाटुकारिता पर (ब) आलसीपन पर (स) मधुर व्यवहार पर (द) बड़बोलेपन पर

(ख) गोपियों को उद्धव का शुष्क सन्देश पसंद न आने का मुख्य कारण था –

(अ) उद्धव के कठोर शब्द एवं अति कटु व्यवहार

(ब) उद्धव में वाकपटुता की कमी एवं हृदयहीनता

(स) गोपियों का प्रेममार्ग के स्थान पर ज्ञानमार्ग को पसंद करना

(द) गोपियों का ज्ञानमार्ग के स्थान पर प्रेममार्ग को पसंद करना

## (वर्णनात्मक प्रश्न )

**10. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए -**

(1) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ?

(2) बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर लिखिए कि अपनी पतोहू के प्रति बालगोबिन भगत का व्यवहार उनके किन गुना को उजागर करता है?

(3) बालगोविन्द भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी ?

(4) **'एक कहानी यह भी'** पाठ के आधार पर मन्नू भंडारी की माँ के चरित्र की विशेषता बताइए ।(

(5) आत्मकथ्य' कविता की पंक्ति- "यह विडंबना! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं"। का भाव अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।

(6) मन्नू भंडारी का अपने पिता से जो वैचारिक मतभेद था उसे अपने शब्दों में लिखिए|

(7) 'नेता जी का चश्मा' पाठ में बच्चों के द्वारा मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा लगाना क्या प्रदर्शित करता है|

**11.** पद्यांश पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए -

(1) गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या है ?

(2) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या –क्या विशेषता बताई ?

(3) 'उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊं,मधुर चांदनी रातों की' कथन के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

(4) कवि बादल से फुहार , रिमझिम या बरसने के स्थान पर 'गरजने ' के लिए क्यों कहता है?

(5) परशुराम ने अपनी किन विशेषताओं के उल्लेख के द्वारा लक्ष्मण को डराने का प्रयास किया?

(6) जयशंकर प्रसाद के जीवन के कौन से अनुभव उन्हें आत्मकथा लिखने से रोकते हैं?

(7) बादलों की गर्जना का आह्वान कवि क्यों करना चाहता है? 'उत्साह' कविता क आधार पर स्पष्ट

कीजिए

(8) कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है

## कृतिका

**12.** पूरक पाठ्य पुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए –

(1) आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है? माता का आंचल के आधार पर उत्तर दीजिए।

(2) चिड़िया उड़ाते-उड़ाते भोलानाथ और उसके साथियों ने चूहे के बिल में पानी डालना शुरू किया। इस घटना का क्या परिणाम निकला?

(3) 'माता का आँचल' पाठ में वर्णित गाँवों की स्थिति और वर्तमान समय में गाँवों की स्थिति में आए परिवर्तन को स्पष्ट कीजिए।

(4) गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया ?

(5.) लोंग स्टॉक में घूमते हुए चक्र को देखकर लेखिका को पूरे भारत की आत्मा एक सी क्यों दिखाई दी?

(6) प्रदूषण के कारण स्नोफॉल में कमी का जिक्र किया गया है प्रदूषण के और कौन-कौन से दुष्परिणाम सामने आएं है, लिखें

**रचनात्मक लेखन**

13. किसी एक विषय पर दिए गए संकेत—बिंदुओं के आधार पर लगभग 120-130 शब्दों में अनुछेद लिखिए -

(क) महानगरीय जीवन: अभिशाप या वरदान

**(संकेत बिंदु: महानगरीय जीवन, अभिशाप क्यों, उपसंहार)**

(ख) यदि मैं शिक्षा मंत्री होती/होता

**(संकेत बिंदु : वर्तमान शिक्षा नीति, बदलाव की आवश्यकता, नई नीति)**

(ग) प्राकृतिक आपदाएँ

**(संकेत बिंदु : आपदा के प्रकार, बचाव, आपदा प्रबंधन)**

**(पत्र लेखन)**

**14-** (क) प्रातः काल भ्रमण का महत्व बताते हुए 80-100 शब्दों में अपने भाई को एक पत्र लिखें।

(ख) आपके विद्यालय में खेल-कूद के सामान की कमी है जिससे आपके विद्यालय की टीम खेलों में न अच्छा प्रदर्शन कर पा रही है और न कोई पदक जीत पाती है। इस ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए (80-100) शब्दों अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए|

(ग) आप 29/5 संस्कार अपार्टमेंट, सेक्टर-14 रोहिणी, दिल्ली के निवासी हैं। आप चाहते हैं कि लोग दीपावली में पटाखों का कम से कम प्रयोग करें। पटाखों से होने वाली हानियों से अवगत कराते हुए (80-100) शब्दों में नवभारत टाइम्स के संपादक को पत्र लिखिए।

## ई-मेल लेखन

**15-(क)** आप शिखा\पवन हैं ।आपने **अ, ब, स** प्रकाशन **क, ख** नगर से ऑनलाइन कुछ पुस्तकें मगवायी थीं । इनमे से दो पुस्तकें किसी अन्य लेखक की भेज दी गयी हैं और एक पुस्तक के पहले के कुछ पेज फटे हुए हैं ।इसकी शिकायत करते हुए तथा इन पुस्तकों को शीघ्र लौटाने और नयी पुस्तकें भिजवाने के लिए प्रकाशन के वरिष्ठ प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ईमेल लिखिए ।

(ख) आप जार्ज/आफरीन हैं| आपके शहर में सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों में मिलावट का धंधा लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

अपने राज्य के खाद्य-मंत्री को लगभग 80 शब्दों में एक ईमेल लिखकर इस समस्या के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।

## (विज्ञापन लेखन)

**16-(क)** किसी मोबाइल फ़ोन बनाने वाली कंपनी के लिए 25-50 शब्दो मे एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिये।

(ख) प्रकाश एल०ई०डी० बनाने वाली कंपनी बिक्री बढ़ाना चाहती है। उसके लिए (25-50) शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

(ग) उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से यात्रियों को आकर्षित करने हेतु (25-50) शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

## (संदेश लेखन)

17 (क) आप अभिषेक /सुमन हैं ।आपके भैया भाभी की पहली वैवाहिक वर्षगाँठ है ।इस अवसर पर उनके लिए लगभग 60 शब्दों में शुभकामना एवं बधाई संदेश लिखिए ।

(ख) आप अनन्य ,देव/मीना, मोहनी हैं और जल्द ही आपके पिताजी की लिखी हुई दसवीं किताब प्रकाशित होने वाली है। उनके लिए लिए 60 शब्दों में बधाई एवं शुभकामना संदेश लिखिए।

(ग) देश के प्रधानमंत्री की ओर से महात्मा गांधी की जन्म तिथि पर देशवासियों को सत्य, अहिंसा और आचरण की शुद्धता के पालन का संदेश लगभग 60 शब्दो में दीजिए|